बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

दीक्षांत समारोह 2023 में भाग लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने वाले विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश

दिनांक 25/09/2023 के रिहर्सल कार्यक्रम हेतु निर्देश

1. दीक्षांत समारोह के रिहर्सल हेतु पंजीकृत विद्यार्थी कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर (मिन्टो हॉल) भोपाल में दिनांक 25/09/2023 सुबह 10.00 बजे आवश्यक रूप से उपस्थित होंगें। सभी विद्यार्थियों को उनकी बैठक व्यवस्था सीट का नम्बर बता दिया जायेगा।
2. दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थी दीक्षांत पोशाक दिनांक 25.09.2023 को सुबह 10:00 बजे से 12.00 बजे तक कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर (मिन्टो हॉल) में सुरक्षा निधि रूपये 1000/– नगद जमा करके प्राप्त करेंगें।

दिनांक 26.09.2023 को दीक्षांत समारोह हेतु निर्देश

1. दीक्षांत समारोह में भाग लेने हेतु विद्यार्थी मुख्य द्वार के वांयी तरफ से प्रवेश करेंगें।
2. किसी कारणवश दिनांक 25.09.2023 को दीक्षांत पोशाक नहीं ले पाने वाले विद्यार्थियों को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर (मिन्टो हॉल) से पोशाक दिनांक 26.09.2023 को पूर्वान्ह 8.00 बजे से 9.00 बजे तक वितरित की जायेगी।
3. विद्यार्थी रू. एक हजार (1000/–) सुरक्षा निधि जमा करके दीक्षांत पोशाक प्राप्त करेंगें।
4. दीक्षांत समारोह की समाप्ति के पश्चात् विद्यार्थी पोशाक वापस करके अपनी सुरक्षा निधि वापस प्राप्त कर सकेंगें।
5. उपाधि प्राप्ति करने वाले विद्यार्थियों हेतु ड्रेस कोड छात्र – सफेद कुर्ता पायजामा तथा छात्राएं सफेद सलवार सूट या क्रीम कलर की साड़ी पहन कर आऍगें।
6. विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर (मिन्टो हॉल) में दिनांक 26/09/2023 सुबह 8.00 बजे से साफा बांधने की व्यवस्था की गई है। साफा बंधवाना अनिवार्य है।
7. विद्यार्थी दीक्षांत पोशाक पहनकर एवं साफा बंधवाने के उपरांत आवश्यक रूप से पूर्वान्ह 9.15 बजे तक अपना आवंटित स्थान ग्रहण करेंगें। सुरक्षा एवं अनुशासन को दृष्टिगत रखते हुए कृपया अपना स्थान छोड़कर इधर उधर न घूमें।
8. दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र (आई.डी.) लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र (आई.डी.) को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह पोर्टल से डाउनलोड करेंगें।
9. दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागी विद्यार्थी अपने परिवार के एक सदस्य (जो दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होगा) का पासपोर्ट साइज फोटो परिचय पत्र में अवश्य लगाएं। परिवार के एक सदस्य हेतु परिचय पत्र दीक्षांत पोर्टल (बेबसाईट) से डाउनलोड करेंगें।
10. मोबाईल को दीक्षांत समारोह के दौरान बन्द रखेंगे।
11. विद्यार्थी एवं समारोह स्थल में उपस्थित सभी सम्मानीय जन, महामहिम व मुख्य अतिथि के प्रस्थान उपरांत ही अपना स्थान छोड़ेगें।

आदेशानुसार

कुलसचिव